## पिंक कार्ड से आयुष्मान तक 21 योजनाओं का लाभ पाएं दिल्ली के इन 42 शिविरों में

नई दिल्ली 20 जून (निस) यदि आप किसी सरकारी योजना के पात्र होकर भी उसके लाभ से वंचित हैं तो देर न करें। दिल्ली में 42 स्थानों पर जनकल्याण शिविर संचालित हो रहे हैं। जहां आप बिना किसी दिक्कत का सामना किए पिंक कार्ड, राशन कार्ड, ई-श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जाति प्रमाण पत्र, छात्रवृत्ति व एमएसएमई लोन आदि समेत 21 योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। दरअसल, नरेन्द्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत दिल्ली में 18 से 20 जून तक आयोजित जनकल्याण शिविर पूरे जोर-शोर से चल रहे हैं। इन शिविरों में केंद्र और दिल्ली सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। यहां पर महिलाएं पिंक कार्ड बनवा रही हैं तो बड़ी संख्या में लोग राशन कार्ड आदि बनवा रहे हैं। हां, इस शिविर में अपने साथ आधार कार्ड, मोबाइल और अन्य उचित पहचान पत्र लेकर जरूर जाएं।

## दिल्ली के बुराड़ी में अपने मालिक के पूरे परिवार को खत्म करने वाला कातिल दबोचा गया

नई दिल्ली 20 जून (निस) बुराड़ी में अपने ही मालिक पेशे से प्रॉपर्टी डीलर मुनावर सहित उनके परिवार के सभी छह सदस्यों की बेरहमी से हत्या करने के मामले में भगोड़ा घोषित साहिब खान उर्फ बंटी को बुराड़ी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इन जघन्य हत्याकांडों में शामिल आरोपित पैरोल जंप कर फरार चल रहा था। 2016 में बुराड़ी में स्थित मालिक की करोड़ों की संपत्तियों को हड़पने के लिए साहिब ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। बुराड़ी में स्थित मालिक की करोड़ों की संपत्तियों को हड़पने के लिए साहिब खान उर्फ बंटी ने खौफनाक वारदात को अंजाम दिया था।

## पूर्व अग्निवीरों के लिए बड़ी खुशखबरी, दिल्ली में ग्रुप-सी सरकारी नौकरियों में मिलेगा 20 प्रतिशत रिजर्वेशन

नई दिल्ली 20 जून (निस) दिल्ली सरकार ने पूर्व-अग्निवीरों को बड़ी खुशखबरी दी है। केंद्र सरकार के विजन के तहत दिल्ली में पूर्व-अग्निवीरों को ग्रुप-सी की सरकारी नौकरियों में 20 प्रतिशत रिजर्वेशन दिया जाएगा। इसे लेकर तैयारी तेज हो गई है। दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) तरनजीत सिंह संधू ने बृहस्पतिवार (18 जून) को योजना को जल्द जमीन पर उतारने को लेकर मुख्य सचिव, पुलिस कमिश्नर और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इसके तहत दिल्ली पुलिस, फायर सर्विस, जेल और वन एवं वन्यजीव विभागों में ग्रुप सी के सीधी भर्ती वाले पदों पर पूर्व-अग्निवीरों को 20 प्रतिशत रिजर्वेशन दिया जाएगा। इसमें दिल्ली पुलिस में कॉन्स्टेबल, फायर सर्विस में फायरमैन, जेल विभाग में जेल वार्डन और वन विभाग में फॉरेस्ट गार्ड व वाइल्डलाइफ गार्ड के पद शामिल होंगे। सरकार के इस कदम से पूर्व-अग्निवीरों के लिए सरकारी नौकरी पाना आसान हो जाएगा।

## बेगमपुर के हीरा कपूर अस्पताल में नवजात को लेकर चार माह पहले हुआ था विवाद

नई दिल्ली 20 जून (निस) अंतरराज्यीय बाल तस्करी गिरोह में बेगमपुर के हीरा मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल की संचालिका का नाम सामने आने के बाद स्थानीय लोग हैरान हैं। बुधवार शाम अस्पताल में पुलिस के पहुंचने के बाद लोगों को महिला डॉक्टर की करतूत के बारे में भनक लगी। डॉ. विवेकी सिंह कपूर की गिरफ्तारी के बाद अस्पताल में सन्नाटा पसर गया। पहचान उजागर न करने की शर्त पर एक स्थानीय ने बताया कि लगभग चार माह पहले नवजात बच्चे को लेकर विवाद हुआ था, दो-तीन दिन तक लोगों की गहमा-गहमी दिखी। आपसी सहमति के बाद विवाद सुलट गया था। इसके बाद प्रसूता व उसके स्वजन कभी नजर नहीं आए। बेगमपुर के बरवाला रोड स्थित हीराज मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल चार मंजिला इमारत में चल रहा है। यह अस्पताल छह साल से अधिक समय से चल रहा है। यह अस्पताल कोरोना महामारी के दौर में शुरू हुआ था।

## दिल्ली सरकार के जन कल्याण शिविर में सर्वर डाउन, घंटों इंतजार के बाद मायूस लौटे लोग

नई दिल्ली 20 जून (निस) दिल्ली सरकार द्वारा लगाए गए जन कल्याण शिविर से दिल्ली वालों को राहत तो मिली पर सर्वर डाउन होने की वजह से लोगों को गर्मी में घंटों बैठना भी पड़ा। दोपहर बाद तो कई लोग मायूस होकर वापस लौट गए। हालांकि, इस समस्या की आशंका के मद्देनजर सेंटर पर वाई फाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी, लेकिन वह भी कारगर साबित नहीं हुई। मसलन, लुटियंस दिल्ली के बंगाली मार्केट में लगे शिविर में बमुश्किल 30 से 40 प्रतिशत लोग ही लाभान्वित हो सके। वैसे, बंगाली मार्केट के एनडीएमसी समुदायिक भवन में लगे शिविर में व्यवस्था अच्छी थी। फूल मालाओं से सजे शिविर में गर्मी से आ रहे लोगों के लिए जगह- जगह कूलर व पंखे लगाए गए थे। पीने के पानी की भी अच्छी व्यवस्था रही। सामुदायिक भवन के अंदर आते ही बड़े-बड़े स्क्रीन व बैनर में केंद्र में भाजपा सरकार द्वारा 12 वर्ष में किए गए विकास कार्यों और लोगों को दी जानी वाली सुविधाओं की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही विभिन्न काउंटर पर लोगों को विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है।

## डिजिटल युग में दिल्ली की 8 साल की बेटियों का कमाल

नई दिल्ली 20 जून (निस) चमक-दमक वाले डिजिटल युग में जब बच्चे स्मार्टफोन की चंद इंच की आभासी दुनिया में खोए रहते हैं, तो वहीं दिल्ली की कुछ नौनिहाल बेटियां अपनी कड़ी मेहनत और साधना के दम पर सफलता की नई कहानी लिख रही हैं। इंटरनेट मीडिया पर रील और ऑनलाइन गेमिंग के शोर के बीच दिल्ली की इन नन्ही योग साधिकाओं ने न केवल अपनी उम्र को पीछे छोड़ दिया है, बल्कि योग की प्राचीन विधा को जन-जन तक पहुंचाकर स्वस्थ जीवन का एक सशक्त और जीवंत संदेश भी दे रही हैं। दिल्ली की महज आठ वर्ष की नौनिहाल वान्या शर्मा, मिशा सैनी और निहारिका पासी ने योग जगत में अपनी अद्भुत प्रतिभा के बल पर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत व कांस्य मेडल जीतकर प्रेरणादायक योग आइकनों में शुमार हो चुकी हैं। तीनों कक्षा तीन की छात्रा हैं। निहारिका स्वरूप नगर की, वान्या सेक्टर 22 रोहिणी और मीशा सैनी पीतमपुरा की रहने वाली हैं। वान्या शर्मा ने महज आठ साल की उम्र में 18 विश्व रिकार्ड अपने नाम दर्ज कराए हैं। इंटरनेशनल योगा चैंपियन वान्या ने सितंबर 2025 में एशिया पैसिफिक मलेशिया में तीन स्वर्ण पदक जीते तो वहीं दिसंबर 2025 में गाजियाबाद में हुए योग विश्व कप में 14 देशों के खिलाड़ियों को धूल चटाते हुए दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है। इसके अलावा वान्या ने प्रतियोगिता में चैंपियन आफ चैंपियंस का प्रतिष्ठित खिताब भी अपने नाम किया है।

# सीवर लाइन तो बिछ गई, पर सड़क टूटी छोड़ गया विभाग, एक माह से मुश्किल में लोगों का जीवन

नई दिल्ली 20 जून (निस) पश्चिमी दिल्ली में सागरपुर पोस्ट ऑफिस के पास स्थित हंस पार्क में सीवर लाइन बिछाने के बाद सड़क का पुनर्निर्माण नहीं किए जाने से स्थानीय लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। करीब एक माह पहले सीवर लाइन डालने के लिए सड़क की खुदाई की गई थी। उस समय संबंधित विभाग ने एक सप्ताह के भीतर सड़क को पहले जैसी स्थिति में बहाल करने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी है। क्षेत्र में सड़क पर फैली मिट्टी, रोड़ी और निर्माण सामग्री लोगों के लिए मुसीबत का कारण बनी हुई है। हाल ही में हुई बारिश के बाद सड़क पर कई स्थानों पर कीचड़ और गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे आवाजाही प्रभावित हो रही है।

**दिल्ली के मंगोलपुरी में फर्नीचर मार्केट में लगी आग गाड़ियां भी चपेट में आईं**

दिल्ली में मंगोलपुरी के स-ब्लॉक में फर्नीचर मार्केट में आग लग गई। आग की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। फायर ऑफिसर भूपिंदर शर्मा ने बताया कि फर्नीचर मार्केट में 11 दुकानें हैं। बताया कि दुकानों के पीछे खड़ी कुछ गाड़ियां भी आग की चपेट में आ गईं। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है।

**जुलाई के तीसरे सप्ताह में आ सकती है दिल्ली विश्वविद्यालय की पहली सूची**

डीयू में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के स्नातक दाखिलों को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) के आधार पर होने वाले दाखिलों के लिए डीयू जल्द ही कामन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) पोर्टल शुरू करने जा रहा है। डीयू के सूत्रों के अनुसार, सीयूईटी परीक्षा का परिणाम जून के आखिरी सप्ताह में आ सकता है। वहीं, पहली सीट आवंटन सूची जुलाई के तीसरे सप्ताह में जारी की जा सकती है। डीयू में दाखिला लेने के इच्छुक छात्रों को सीएसएएस पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। पहले चरण का पंजीकरण जल्द शुरू होने की संभावना है, जबकि जुलाई के दूसरे सप्ताह में छात्र कालेज और पाठ्यक्रमों की प्राथमिकताएं भर सकेंगे।

**नौकरानी की हत्या करने के बाद डॉक्टर ने पुलिस से कहा मुझे फांसी दे दो**

दक्षिणी दिल्ली में मीना हलदर मूलरूप से कलकत्ता के बनगांव की रहने वाली थीं। वे दक्षिणी दिल्ली के गढ़ी इलाके के प्रकाश मोहल्ले में बेटे राबिन हलदर, बेटी पपिहा व बहू सुपर्णा हलदर के साथ रहती थीं। जबकि पति उत्तम हलदर गांव में रहकर खेती करते हैं। माउंट कैलाश स्थित मकान नंबर ए-69 व उसके पीछे के मकान में बतौर घरेलू सहायिका काम करती थीं। बहू सुपर्णा भी उसी इलाके में काम करती हैं। पुलिस इमारत के अंदर पहुंची तो त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष गुप्ता सीढ़ियों पर बैठे पाए गए। पुलिस ने हिरासत में लिया तो गुप्ता ने कहा मुझे फांसी दे दो। घटनास्थल से एक बक्सा और खून से सना रसोई का चाकू बरामद किया गया।

पांच मासूमों को बचाया-केंद्रीय जिला दिल्ली पुलिस के पुलिस उपायुक्त एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता करेंगे। यह प्रेस वार्ता एक अंतरराज्यीय बाल तस्करी गिरोह के भंडाफोड़ के संबंध में होगी। पुलिस ने इस अभियान में 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पांच शिशुओं को भी सुरक्षित बचाया गया है। दिल्ली पुलिस के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के डीसीपी ने एक अंतर-राज्यीय बाल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ कर 12 आरोपियों की गिरफ्तार किया है।

# पशुपालन विभाग की मैदानी संस्थाओं के संचालन समय में बदलाव

बिलासपुर 20 जून (निस) छत्तीसगढ़ शासन के पशुधन विकास विभाग द्वारा संचालित मैदानी चिकित्सा संस्थाओं के संचालन समय में संशोधन किया गया है। शासन के आदेशानुसार अब पशु चिकित्सालय, पशु औषधालय, कृत्रिम गर्भाधान केंद्र, कृत्रिम गर्भाधान उपकेंद्र तथा मुख्य ग्राम इकाइयों का संचालन प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, डॉ जीएसएस तंवर ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुसार शासकीय अवकाश के दिनों में भी इन संस्थाओं का संचालन सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा, ताकि पशुपालकों को आवश्यक सेवाएं समय पर उपलब्ध हो सकें। पशुधन विकास विभाग ने जिले के सभी पशुपालकों, डेयरी संचालकों, किसानों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे पशु चिकित्सा एवं संबंधित सेवाओं का लाभ निर्धारित समयावधि में प्राप्त करें। विभाग के अंतर्गत संचालित सभी मैदानी संस्थाएं नए समयानुसार नियमित रूप से कार्य करेंगी।

**सतगुरु कबीर प्रकटोत्सव- सम्मान, भजन, रक्तदान 21 जून को**

सतगुरु कबीर का 629वां प्रकट दिवस 21 जून, रविवार को मनाया जाएगा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सतगुरु कबीर नव युवक मंडल द्वारा यह कार्यक्रम स्व. लखिराम अग्रवाल ऑडिटोरियम, कंपनी गार्डन के बाजू में आयोजित किया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष राकेश दास मानिकपुरी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे गुरु महिमा पाठ और दीप प्रज्वलन से होगी। सुबह 10 बजे वरिष्ठ जनों, मेधावी छात्रों और महंतों का सम्मान समारोह होगा। अंडर-18 हॉकी एशिया कप में भारत को विजेता बनाने वाले मानिकपुरी पनिका समाज के अवि मानिकपुरी का भव्य स्वागत भी किया जाएगा। दोपहर 12 बजे मानिकपुरी पनिका समाज के छत्तीसगढ़ हीरो आनंद दास का स्वागत होगा। राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कबीर भजन गायक नवल दास का भी सम्मान किया जाएगा, साथ ही हास्य कवि गजराज दास का सम्मान होगा। कार्यक्रम में सुरेश ठाकुर द्वारा कबीर के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। दोपहर 3 बजे धर्म नगर दामाखेड़ा से महंत राजू दास भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा, जो दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगा। दोपहर 1 बजे से ही सतगुरु भंडारा भी प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महंत ईश्वर दास, मनहरण दास, समारु दास, दुर्गेश दास, गणेश दास, हर दास, साहेब दास, अभिषेक दास, ईश्वर दास, पुष्पेंद्र दास, मनोज दास, मुकेश दास, भगवान दास, सोहन दास, दिलहरण दास सहित अनेक सदस्य जुटे हैं।

**अकादमी रत्न रामलाल बरेठ का नृत्यधारा फाउंडेशन ने किया सम्मान**

भारत सरकार द्वारा अकादमी रत्न से सम्मानित करने की घोषणा के बाद पद्मश्री रामलाल बरेठ का नृत्यधारा फाउंडेशन बिलासपुर की संस्थापिका और अंतरराष्ट्रीय कथक व ओडिसी नृत्यांगना आंचल पांडेय ने अभिनंदन किया। पांडेय ने रामलाल बरेठ को शाल भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉ विनय कुमार पाठक, निवर्तमान अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग और कुलपति थावे विद्यापीठ गोपालगंज, बिहार ने कहा कि रामलाल बरेठ का जीवन कथक नृत्य को समर्पित रहा है। वे आज कथक नृत्य के पर्याय बन चुके हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नृत्यांगना आंचल पांडेय द्वारा रामलाल बरेठ का सम्मान किया जा रहा है।

## बच्चों के सुनहरे भविष्य की बनी मजबूत नींव-बीएलसी 144 ने दो आंगनबाड़ियों को दिया नया जीवन समाज सेवा की मिसाल कायम

बिलासपुर 20 जून (निस) समाज सेवा और बाल विकास के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए बिलासपुर लेडीज़ सर्कल 144 (क्रत्स 144) ने अपनी अध्यक्षीय थीम परियोजना के अंतर्गत एक नवीन आंगनवाड़ी भवन का निर्माण तथा एक अन्य आंगनवाड़ी का संपूर्ण नवीनीकरण कर उसे समाज को समर्पित किया। यह पहल न केवल आधारभूत सुविधाओं के विकास का उदाहरण है, बल्कि बच्चों के सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। 27 खोली पंप हाउस स्थित लगभग 850 वर्गफीट क्षेत्रफल में निर्मित नया आंगनवाड़ी भवन पहले पूरी तरह बंद और जर्जर अवस्था में था। पुराने ढांचे को हटाकर यहां आधुनिक सुविधाओं से युक्त सुरक्षित एवं आकर्षक भवन तैयार किया गया। भवन में बच्चों के लिए विशाल खेल कक्ष (हॉल), स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, आधुनिक शौचालय, सुसज्जित किचन तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की गईं। इसके साथ ही बच्चों के उपयोग के लिए खिलौने, कुर्सियां और अलमारी भी उपलब्ध कराई गईं, जिससे यह केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास का आदर्श परिसर बन सके। इसी क्रम में मिनी बस्ती स्थित आंगनवाड़ी का भी संपूर्ण कायाकल्प किया गया। यहां नए टाइल्स, आधुनिक शौचालय, कक्षा एवं रसोई का नवीनीकरण, आकर्षक पेंटिंग एवं आर्टवर्क तथा किचन क्षेत्र में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए वॉटरप्रूफिंग का कार्य कराया गया। इन सुधारों से आंगनवाड़ी को बच्चों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और प्रेरणादायक वातावरण प्राप्त हुआ। नवीनीकृत आंगनवाड़ी का लोकार्पण नेशनल प्रेसिडेंट शिशम सभरवाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर एरिया चेयरपर्सन मेघा राठी, नेशनल प्रोजेक्ट कन्वीनर नम्रता साहू, सर्कल चेयरपर्सन स्वाति सुल्तानिया, खुशबू शाह, मोनिका अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, जूही त्रिपाठी, निकिता शाह, निशा अग्रवाल, अमृता भंडारी एवं गिन्नी अरोड़ा सहित बीएलसी 144 की सभी सदस्याएं उपस्थित रहीं।

## हेमलता पटेल ने केक काटकर मनाया कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जन्मदिन

फतेहपुर 20 जून (निस) भारत जोड़ो यात्रा के प्रणेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष तथा कांग्रेस पार्टी के प्रमुख नेता राहुल गांधी का जन्मदिन शुक्रवार को फतेहपुर जनपद के बिन्दकी में कांग्रेस नेताओं और क्षेत्रीय जनता ने बेहद धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर भारी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी,कार्यकर्ता और जनपदवासी मौजूद रहे। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी तथा सशक्त प्रधान हेमलता पटेल ने कई कांग्रेसजनों के साथ संयुक्त रूप से केक काटा और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशियां बांटीं और अपने प्रिय नेता राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य तथा दीर्घायु की कामना की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही,भीषण गर्मी को देखते हुए बिन्दकी के ललौली चौराहे पर शरबत वितरण शिविर लगाया गया। जहाँ भारी संख्या में राहगीरों और स्थानीय लोगों ने शरबत व प्रसाद ग्रहण किया। महिला जिलाध्यक्ष हेमलता पटेल ने कहा कि जन-जन के प्रिय नेता राहुल गांधी देश में प्रेम और न्याय की अलख जगा रहे हैं। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे सदैव स्वस्थ रहें। इस भव्य आयोजन में पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आकाश शुक्ला , उदित अवस्थी और युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मोहित कुमार वर्मा आयोजक टीम के वरिष्ठजन तथा क्षेत्र के तमाम प्रतिष्ठित नागरिक, प्रबुद्ध जन और सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दो-दो मेट्रो थाने और सीआइएसएफ कार्यालय के सामने भी चलना सुरक्षित नहीं

नई दिल्ली 20 जून (निस) देश की राजधानी, आधुनिक मेट्रो स्टेशन और सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले दिल्ली पुलिस के दो-दो मेट्रो थाने, सुनने में यह इलाका बेहद सुव्यवस्थित और चाक-चौबंद लगे, लेकिन द्वारका मेट्रो स्टेशन के ठीक नीचे की जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। यहां जनकपुरी मेट्रो थाना और आईजीआई मेट्रो थाना बिल्कुल अगल-बगल स्थित हैं। सिर्फ पुलिस ही नहीं, बल्कि मेट्रो की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाली सीआइएसएफ का कार्यालय भी इसी परिसर में है। लेकिन देश की सुरक्षा करने वाले इन तीन-तीन महत्वपूर्ण दफ्तरों के ठीक सामने की सड़क पिछले कई वर्षों से बदहाली के आंसू रो रही है। यह पूरी सड़क बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। हल्की सी वर्षा होते ही ये गड्ढे तालाब का रूप ले लेते हैं, जिससे यहां से पैदल गुजरना भी दूभर हो जाता है। स्थानीय निवासियों और राहगीरों के लिए यहां से निकलना किसी सजा से कम नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक तरफ दिल्ली जैसे महानगर की चमक है, ऊपर से आधुनिक मेट्रो, नीचे सुरक्षा देने वाले दो-दो थाने और सीआइएसएफ का कार्यालय, फिर भी इस चंद मीटर की सड़क को सुधारने वाला कोई नहीं है।

## दिल्ली में आयोगों के गठन में बीजेपी विधायकों को रखा जा सकता है बाहर

नई दिल्ली 20 जून (निस) रेखा गुप्ता की अगुवाई वाली दिल्ली की भाजपा सरकार जल्द आयोगों का गठन करेगी। इसके तहत दिल्ली महिला आयोग, अल्पसंख्यक आयोग में जल्दी नियुक्तियां होंगी। वहीं, आप सरकार में बने दिल्ली डायलॉग कमीशन का नाम भी बदला जा दिल्ली की भाजपा सरकार नए संगठन के साथ-साथ राजधानी में प्रदेश स्तरीय आयोगों का गठन भी जल्दी कर देगी। तय किया है कि आयोगों में इसकी कवायद शुरू हो गई है। पार्टी के बड़े नेता इस पक्ष में हैं कि विधायकों को आयोगों में नहीं रखा जाए। उनके स्थान पर संगठन में काम कर रहे लोगों को मौका मिलना चाहिए। अलग-अलग आयोगों के लिए नाम को शार्ट लिस्ट कर दिया गया है। दिल्ली महिला आयोग, अल्पसंख्यक आयोग, दिल्ली डायलॉग कमीशन के साथ साथ अन्य सरकारी नियुक्तियों को जल्दी पूरा किया जाएगा। पार्टी नेताओं ने विधायकों को नहीं रखा जाएगा।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे की तर्ज पर यूईआर -2 पर बनेगा रेस्ट एरिया

नई दिल्ली 20 जून (निस) दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हर 50 किमी पर रेस्ट एरिया डिवेलप किए गए हैं। ठीक उसी तरह अर्बन एक्सटेंशन रोड (यूईआर -2) पर मुंडका इंडस्ट्रियल एरिया मेट्रो स्टेशन के पास रेस्ट एरिया डिवेलप किया जाएगा। रेस्ट एरिया के लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने मेट्रो स्टेशन के पास 34,349 वर्ग मीटर जमीन चिह्नित की है। रेस्ट एरिया एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ बनाए जाएंगे। एक्सप्रेसवे के दाईं ओर 17,138 और बाईं ओर 17,211 वर्ग मीटर एरिया में इन्हें तैयार किया जाएगा। यूईआर के इस स्ट्रेच में डेली ट्रैफिक करीब 25,868 है। जिसमें सबसे अधिक संख्या कारों की है। एक्सप्रेसवे के राइट कैरिज-वे से रोजाना कारों की संख्या 16,476 और बाएं कैरिज-वे से 18,893 कारें गुजरती हैं। लेफ्ट और राइट कैरिज वे को मिलाकर कारों की संख्या रोजाना 25,369 है। इसी तरह से दोनों कैरिज वे को मिलाकर यूईआर-2 पर बसों की संख्या 119 और ट्रकों की संख्या 376 है। भविष्य में यूईआर पर डेली ट्रैफिक में और इजाफा होगा।

## कंक्रीट का जंगल बनी सेंट्रल दिल्ली

नई दिल्ली 20 जून (निस) दिल्ली में तेजी से बढ़ते शहरीकरण और निर्माण गतिविधियों का असर पर्यावरण पर साफ दिखाई देने लगा है। एक नए वैज्ञानिक अध्ययन के मुताबिक, पिछले 32 वर्षों में सेंट्रल दिल्ली ने अपने सबसे बेहतर इकोसिस्टम का करीब 73.8 प्रतिशत हिस्सा खो दिया है। कभी राजधानी के सबसे समृद्ध पर्यावरणीय क्षेत्रों में शामिल सेंट्रल दिल्ली का बड़ा हिस्सा अब खराब पर्यावरण की श्रेणी में पहुंच गया है। जामिया मिलिया इस्लामिया के भूगोल और पर्यावरण विज्ञान विभाग के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन क्रॉसिंग इ इकोलॉजिकल थ्रेशोल्ड में 1991 से 2023 तक के सैटेलाइट आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। अध्ययन के अनुसार, सेंट्रल दिल्ली में बेहतरीन प्राकृतिक स्वास्थ्य वाली जमीन 1991 में 13.88 वर्ग किलोमीटर थी, जो 2023 में घटकर सिर्फ 3.63 वर्ग किलोमीटर रह गई।

## नमो भारत से जल्द घूम सकेंगे ऋषिकेश

नई दिल्ली 20 जून (निस) दिल्ली से मेरठ के बीच चल रही नमो भारत ट्रेन का विस्तार अब ऋषिकेश तक किए जाने की तैयारी है। प्रस्तावित 150 किमी लंबे नए कॉरिडोर से दिल्ली-ऋषिकेश यात्रा मात्र तीन घंटे में पूरी हो सकेगी। यह रूट मेरठ, मुजफ्फरनगर और ऋषिकेश को जोड़ेगा। दिल्ली से मेरठ के बीच दौड़ रही नमो भारत ट्रेन अब जल्द ही उत्तराखंड के प्रमुख धार्मिक शहरों में से एक ऋषिकेश तक पहुंच सकती है। केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, उत्तराखंड सरकार और नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन के बीच सहमति बनने के बाद मेरठ से ऋषिकेश तक नमो भारत कॉरिडोर के विस्तार की प्रक्रिया तेज हो गई है। प्रस्तावित परियोजना के तहत मौजूदा दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर को करीब 150 किलोमीटर आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे दिल्ली से ऋषिकेश तक का सफर महज तीन घंटे में पूरा किया जा सकेगा। फिलहाल नमो भारत ट्रेन दिल्ली के सराय काले खां से मेरठ के मोदीपुरम तक लगभग 82 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर संचालित हो रही है। मेरठ से ऋषिकेश तक 150 किलोमीटर के विस्तार के बाद इस कॉरिडोर की कुल लंबाई करीब 230 किलोमीटर हो जाएगी। नमो भारत ट्रेन की अधिकतम गति 160 किलोमीटर प्रति घंटा है। ऐसे में दिल्ली से ऋषिकेश की दूरी लगभग तीन घंटे में तय की जा सकेगी। वर्तमान में सड़क मार्ग से मेरठ होते हुए दिल्ली से ऋषिकेश पहुंचने में करीब छह घंटे का समय लगता है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद यात्रा का समय लगभग आधा रह जाएगा।

## दिल्ली के कैलाश हिल्स में महिला की बेरहमी से हत्या

नई दिल्ली 20 जून (निस) साउथ ईस्ट दिल्ली स्थित अमर कॉलोनी थाना क्षेत्र के कैलाश हिल्स में एक महिला की हत्या करने का मामला सामने आया है। घटनास्थल पर पुलिस को घर के अंदर एक बैट और चाकू पड़ा मिला। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने बैट और चाकू से हमला कर महिला की हत्या की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी को घटना के बाद जल्द ही गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच में पूछताछ जारी है। पुलिस आरोपी से हत्या के कारण और पूरे मामले की जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

## दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी बच्चों की तस्करी करने वाले 12 गिरफ्तार

नई दिल्ली 20 जून (निस) दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने 12 अंतर्राज्यीय बाल तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस ने 5 मासूम बच्चों को तस्करों से छुड़ाया भी है। दिल्ली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपी नवजात शिशुओं और छोटे बच्चों की अलग-अलग राज्यों में तस्करी करने और अवैध खरीद-फरोख्त में शामिल एक गिरोह का हिस्सा हैं। जांचकर्ता इस गिरोह के अपराध करने के तरीके, इसके अंतर-राज्यीय संपर्कों और प्रत्येक आरोपी की भूमिका की गहन जांच कर रहे हैं। इस मामले से जुड़ी ज्यादा जानकारी देर शाम दिल्ली पुलिस मुख्यालय में आयोजित होने वाले एक संवाददाता सम्मेलन में साझा की जाएगी। इस घटना की जानकारी देते हुए पुलिस सूत्रों ने बताया कि बच्चों की तस्करी की आरोपी महिला एक नर्सिंग होम की मालकिन है और खुद को डॉक्टर भी बताती है। 12 तस्करों और 5 बच्चों की बरामदगी के बाद पुलिस अब नर्सिंग होम की मालकिन के क्वालिफिकेशन की जांच कर रही है। जांच कर्ताओं को शक है कि बच्चों की तस्करी करने वाला ये गैंग अलग-अलग राज्यों से नवजात बच्चों का लाता था और उनके बर्थ सर्टिफिकेट में हेरफेर कर इच्छुक माता-पिता को लाखों रुपए में बेच देता था।

# 17 राज्यों में बारिश का अलर्ट चक्रवाती तूफान की भी चेतावनी

नई दिल्ली 20 जून (संजय बंसल) पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 24 जून तक भारी बारिश होने की पूरी संभावना है। बंगाल में गंगा से सटे इलाकों में 18-19 जून को छिटपुट बारिश के बाद 20 से 24 जून के बीच बारिश की रफ्तार बढ़ेगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा जारी ताजा बुलेटिन के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मॉनसून 2026 (मॉनसून) देश के कई हिस्सों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले 4-5 दिनों के दौरान तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के कुछ और हिस्सों में मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बताई हैं। वर्तमान में मॉनसून की उत्तरी सीमा हरनाई, सोलापुर, हैदराबाद, भद्राचलम, कोरापुट, फूलबनी, रांची, जमुई, मुजफ्फरपुर से होकर गुजर रही है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने देश के अलग-अलग हिस्सों के लिए 18 जून से 24 जून 2026 तक का विस्तृत अनुमान और चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद में 18 से 22 जून के बीच अधिकांश इलाकों में व्यापक रूप से बारिश की संभावना है। वहीं 23 और 24 जून को छिटपुट बारिश हो सकती है। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 18 से 24 जून के दौरान लगातार छिटपुट बारिश के आसार हैं। मैदानी इलाकों की बात करें तो पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली एनसीआर में 18 से 22 जून के बीच गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। पश्चिमी यूपी में 18, 19, 23 और 24 जून को, जबकि पूर्वी यूपी में 18-19 जून और फिर 22-24 जून को बारिश हो सकती है। पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान के इलाकों में 18 से 24 जून तक छिटपुट बारिश जारी रहेगी।

# उत्तराखंड सरकार सिख यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे-हरमीत सिंह कालका



नई दिल्ली, 20 जून (निस) दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने हाल ही में उत्तराखंड के कर्णप्रयाग में श्री हेमकुंट साहिब यात्रा के दौरान हुई घटना और उसके बाद उत्तराखंड पुलिस द्वारा अपनाए गए रवैये की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि सिख नौजवानों को निशाना बनाना और उनके आत्मरक्षा के अधिकार को अपराध के रूप में प्रस्तुत करना अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। आज यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कालका ने कहा कि जब कुछ शरारती तत्वों द्वारा गुरसिख नौजवानों पर हमला किया गया, तब उन्होंने अपनी जान और सम्मान की रक्षा के लिए कृपाण का उपयोग किया, जो प्रत्येक अमृतधारी सिख का संवैधानिक और धार्मिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा और आक्रामकता के बीच अंतर समझना पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी होती है, लेकिन दुर्भाग्यवश उत्तराखंड पुलिस इस मामले में पूरी तरह विफल साबित हुई है। कालका ने आरोप लगाया कि गिरफ्तार किए गए सिख नौजवानों के साथ पुलिस द्वारा अत्याचार किया गया। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल चार नौजवानों का नहीं है, बल्कि पूरे देश के सिख यात्रियों की सुरक्षा और सम्मान से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्य के डीजीपी और राज्यपाल को पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच की मांग की गई है तथा हेमकुंट साहिब यात्रा के दौरान सिख यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही उत्तराखंड का दौरा करेगा।

# आईएएस संदीप भागिया के खिलाफ विद्रोह

नई दिल्ली 20 जून (निस) यूपी में जीएसटी के अधिकारियों ने आईएएस अधिकारी संदीप भागिया के खिलाफ विद्रोह कर दिया है। उनके ऊपर कई गंभीर आरोप लगाते हुए शासन से शिकायत की है। आईएएस अधिकारी संदीप भागिया के खिलाफ जीएसटी अधिकारियों ने मोर्चा खोल दिया है। तीनों अधिकारी संगठनों ने संयुक्त मोर्चा बनाते हुए संदीप के खिलाफ शासन को लेटर लिखा गया है। इस लेटर में संदीप भागिया के खिलाफ गंभीर शिकायतें की गई हैं। संदीप इस समय राज्य कर विभाग के गौतम बुद्ध नगर जोन में अपर आयुक्त के पद पर तैनात हैं। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव, राज्य कर विभाग की प्रमुख सचिव और राज्य कर आयुक्त को चिट्ठी लिखी है। डिप्टी कमिश्नर वेद प्रकाश सिंह की पत्नी द्वारा मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायती चिट्ठी के बाद यह पत्र आया है। नोएडा जोन के 60 से अधिक अधिकारियों ने इस पत्र में दस्तखत किए हैं। अधिकारियों ने पत्र में लिखा है कि अपर आयुक्त का व्यवहार अत्यंत अपमानजनक, असंवेदनशील और अधिकारियों का मनोबल तोड़ने वाला है। समीक्षा बैठकों में अधिकारियों को सार्वजनिक रूप से फटकारना और व्यक्तिगत टिप्पणियां करना सामान्य हो गई है, जिससे विभाग में काम का वातावरण प्रभावित हो रहा है। अधिकारियों ने कहा है कि 12 जून को समीक्षा बैठक में डिप्टी कमिश्नर वेद प्रकाश सिंह को सभी अधिकारियों के सामने अपमानित किया गया। उन्होंने पुलिस भर्ती परीक्षा में ड्यूटी के कारण काम प्रभावित होने की जानकारी दी लेकिन अपर आयुक्त ने आक्रामक प्रक्रिया दी, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ी और चिकित्सीय सेवाएं लेनी पड़ी। यह केवल एक व्यक्ति का मामला नहीं बल्कि सभी अधिकारी यह व्यवहार झेलते हैं।

## शिक्षा निदेशक की मंजूरी के बिना नहीं हटा सकते

नई दिल्ली 20 जून (संजय बंसल) दिल्ली हाई कोर्ट ने प्राइवेट स्कूलों के स्टाफ को लेकर एक अहम फैसला दिया है। दो जजों की बेंच नौकरी से हटाई गई एक शिक्षिका की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने कहा कि निजी स्कूल अपने किसी कर्मचारी को शिक्षा निदेशक की मंजूरी दिल्ली हाई कोर्ट ने निजी स्कूलों के कर्मचारियों के पक्ष में एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि निजी स्कूल के कर्मचारी को बगैर शिक्षा निदेशक की मंजूरी के नौकरी से हटाने का आदेश अमान्य है। कोर्ट ने कहा कि ऐसा करके स्कूल ने दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम, 1973 की धारा 8(2) का उल्लंघन किया है। इस धारा के तहत निजी स्कूल को बिना सरकारी मदद वाले स्कूल के किसी कर्मचारी को नौकरी से हटाने की सजा देने से पहले शिक्षा निदेशक की मंजूरी लेना जरूरी है। अपीलकर्ता साईं मेमोरियल गर्ल्स स्कूल (बिना सरकारी मदद वाला स्कूल) में सहायक शिक्षिका के तौर पर काम कर रही थीं। उसके खिलाफआरोपपत्र जारी कर अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई थी। इस आरोपपत्र में काम ठीक से न करने, सहकर्मियों के साथ बुरा बर्ताव करने और अंग्रेजी की बुनियादी जानकारी न होने के आरोप लगाए गए। एक जांच अधिकारी नियुक्त किया गया।

# निजी व स्व-वित्तपोषित संस्थान 'सूचना का अधिकार' अधिनियम से बाहर है-हाई कोर्ट

बिलासपुर 20 जून (निस) हाईकोर्ट ने डीएवी पब्लिक स्कूल को आरटीआई के दायरे से बाहर कर दिया है। कोर्ट ने कहा है, डीएवी एक निजी और स्व-वित्तपोषित शिक्षण संस्थान है, उसे 'सूचना का अधिकार' अधिनियम के तहत सार्वजनिक प्राधिकरण नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग के उन आदेशों को निरस्त कर दिया है, जिसमें स्कूल को आरटीआई के दायरे में लाकर प्राचार्य को डीम्ड पीआईओ के रूप में दंडित किया था। मामला कोरबा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल से जुड़ा है। स्कूल प्रबंधन ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर केंद्रीय सूचना आयोग के आदेशों को चुनौती दी थी। विवाद तब शुरू हुआ जब स्कूल में कार्यरत एक कर्मचारी की सेवा समाप्ति के बाद, उनके परिजनों ने आरटीआई के तहत स्कूल की आंतरिक कार्यप्रणाली और सेवा मामलों से जुड़ी जानकारी मांगी। याचिकाकर्ता स्कूल प्रबंधन की ओर से तर्क दिया गया कि डीएवी स्कूल एक निजी संस्था है, जिसे 'दयानंद एंग्लो वैदिक कॉलेज ट्रस्ट एंड मैनेजमेंट सोसाइटी' द्वारा संचालित किया जाता है। स्कूल का न तो सरकारीकरण है और न ही इसे सरकार या एसईसीएल से कोई पर्याप्त वित्तीय सहायता प्राप्त होती है, जो इसे आरटीआई के दायरे में लाए। एसईसीएल से सिर्फ अनुबंधात्मक व्यवस्था याचिका की सुनवाई जस्टिस एके प्रसाद के सिंगल बेंच में हुई। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है, स्कूल अपनी आय स्वयं फीस और अन्य माध्यमों से जुटाता है।एसईसीएल के साथ हुआ समझौता केवल एक अनुबंधात्मक व्यवस्था है, जिसमें एसईसीएल कर्मचारियों के बच्चों की फीस के घाटे की भरपाई की जाती है, जो 'पर्याप्त वित्तीय सहायता' नहीं मानी जा सकती। स्कूल के प्रबंधन, प्रशासन या नीतिगत निर्णयों पर सरकार या किसी सरकारी निकाय का गहरा और व्यापक नियंत्रण नहीं है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि जब संस्था स्वयं ही 'सार्वजनिक प्राधिकरण' नहीं है, तो उसके प्राचार्य को 'डीम्ड पीआईओ' मानना पूरी तरह से कानून सम्मत नहीं है। हाईकोर्ट ने मुख्य सूचना आयोग के उन आदेशों को खारिज कर दिया, जिनमें स्कूल प्रबंधन को आरटीआई के तहत जानकारी देने और दंडित करने का निर्देश दिया गया था।

## त्रिलोक श्रीवास, धर्म जागृति मंच व सर्व सेन समाज ने पुष्प वर्षा, आतिशबाजी से किया अभिनंदन

बिलासपुर 20 जून (निस) महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर सर्व राजपूत समाज बिलासपुर द्वारा निकाली गई विशाल शोभायात्रा का प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य स्वागत किया गया। टीम त्रिलोक श्रीवास, धर्म जागृति मंच और छत्तीसगढ़ सर्व सेन समाज के संयुक्त तत्वावधान में सिटी कोतवाली चौक के पास आतिशबाजी, पुष्प वर्षा और लीची शरबत वितरण कर ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर त्रिलोक श्रीवास ने कहा कि महाराणा प्रताप वीर शिरोमणि और मां भारती के सपूत हैं। वे केवल राजपूत समाज नहीं, बल्कि पूरे देश के एक-एक व्यक्ति के शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। उन पर संपूर्ण भारतीयों को गर्व है। इस स्वागत कार्यक्रम में त्रिलोक श्रीवास के साथ प्रमुख रूप से महेश दुबे टाटा, रविंद्र सिंह ठाकुर, मनोज श्रीवास, पंकज सिंह, किशोर घोरे, प्रशांत पांडे, गोरेलाल श्रीवास, चंद्रमणि श्रीवास, नवीन दुबे, मनीष भट्ट, जितेंद्र शर्मा, जीतू आयुष सिंह राज, चरण सिंह राज, उपेंद्र यादव, शुभम श्रीवास, उपेंद्र यादव, शुभम श्रीवास, मयंक वर्मा, दीपक कश्यप, विजय तिवारी, उत्तम सिंह ठाकुर, रामकुमार श्रीवास, आनंद श्रीवास, अजय श्रीवास, अनिल श्रीवास, अजय गुप्ता, मुन्ना अमन साहू, चंद्रमणि श्रीवास, सोनू श्रीवास, रोशन श्रीवास, धनंजय कश्यप, सोनू साहू, हृदेश कश्यप, राजेश श्रीवास, निखिल श्रीवास, राहुल श्रीवास, राजकुमार श्रीवास, तय्यब खोखर, मोहसिन खान, राहुल गोरख, रामेश्वर केसरी, दलजीत सिंह, रामेश्वर केसरी, दलजीत सिंह, प्रियंक श्रॉफ, मुकेश अग्रवाल, विकास पांडे, पंकज कटेलिया, कन्हैया दुबे, चंद्रप्रकाश केसरवानी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पंजाब में डबल इंजन सरकार बनने से समुचित विकास...

पृष्ठ एक का शेष ... पये सीधे उनके बैंक खातों में दिए जा रहे हैं। अब तक हरियाणा में महिला लाभार्थियों को 1,600 करोड़ रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है।उन्होंने यह भी बताया कि हरियाणा में वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के तहत प्रतिमाह 3,200 रुपये दिए जाते हैं, जबकि पंजाब में यह राशि 1,500 रुपये प्रतिमाह है।हरियाणा की जनकल्याणकारी और विकास योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यदि पंजाब की जनता आगामी विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन और नीतियों पर विश्वास जताती है, तो इसी प्रकार के लाभ पंजाब में भी उपलब्ध कराए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में भाजपा सरकार बनने पर किसानों की फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद सुनिश्चित की जाएगी, फसल नुकसान पर उचित मुआवजा दिया जाएगा, उद्योगों के अनुकूल वातावरण तैयार किया जाएगा तथा पंजाब को देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें आमंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और पंजाब के लोगों के प्रति उनके संवाद एवं पहुंच की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि पंजाब की जनता उनके सहयोग और समर्थन पर ध्यान दे रही है तथा उन्हें विश्वास है कि आगामी विधानसभा चुनावों में राज्य में भारतीय जनता पार्टी और अधिक मजबूत होकर उभरेगी। सीएम सैनी ने कहा कि प्रदेश की नुहार एवं दिशा बदलने के लिए सत्ता परिवर्तन आवश्यक है।

## आप का प्रदर्शन..

पृष्ठ एक का शेष ..हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ मिल रहा है।हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि इन ऐतिहासिक विकास कार्यों ने विरोधी पार्टियों को बेचैन कर दिया है। पंजाब में हो रही तेजी से तरक्की को हजम करने में असमर्थ शिरोमणि अकाली दल अब घटिया राजनीति पर उतर आया है। इसने हमारे मुख्यमंत्री की साफ-सुथरी छवि को खराब करने के लिए सोशल मीडिया पर एक मनगढ़ंत और फर्जी वीडियो बनाकर वायरल करने की कोशिश की है। यह उन राजनीतिक ताकतों की निराशा को दर्शाता है जो जनता का समर्थन गंवा चुकी हैं और झूठे प्रचार के जरिए दोबारा अपना अस्तित्व बचाने की नाकाम कोशिश कर रही हैं।आप नेता ने कहा कि यह प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन इस साजिश को पंजाब के लोगों के सामने बेनकाब करने और यह सख्त संदेश देने के लिए किए गए हैं कि झूठ और फरेब पर आधारित राजनीति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, %आप के कार्यकर्ता इस दुर्भाग्यपूर्ण अभियान का विरोध करने के लिए एकजुट हैं। हम पंजाब की शांति, तरक्की और सामाजिक सद्भाव को भंग करने की किसी भी साजिश को कामयाब नहीं होने देंगे। पंजाब के लोग मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी की विकासोन्मुख राजनीति के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं।प्रदर्शन में शामिल हुए आप नेताओं ने दोहराया कि शिरोमणि अकाली दल ने ऐसे हथकंडे इसलिए अपनाए हैं क्योंकि वह लोगों में अपनी राजनीतिक विश्वसनीयता गंवा चुका है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग सच और झूठ में फर्क करना अच्छी तरह जानते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## 20 बागी सांसदों की सदस्यता रद्द करने की मांग, लोकसभा स्पीकर से मिले अभिषेक बनर्जी

नई दिल्ली, 20 जून (निस) तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने 20 बागी सांसदों के कथित विलय के मुद्दे पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर उनकी सदस्यता रद्द करने की मांग की है। अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि संबंधित सांसदों का विलय दल-बदल विरोधी कानून की भावना के विपरीत है और इसे वैध नहीं माना जा सकता। मुलाकात के बाद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी ने लोकसभा अध्यक्ष को 20 अलग-अलग याचिकाएं सौंपी हैं, जिनमें बागी सांसदों को अयोग्य घोषित करने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन सांसदों ने मतदाताओं के जनादेश और संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन किया है। टीएमसी नेता ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल के वैध विलय के लिए आवश्यक संवैधानिक शर्तों का पालन होना चाहिए। उनके अनुसार, यदि संबंधित सांसद वास्तव में पार्टी छोड़ना चाहते हैं तो उन्हें पहले अपने पदों से इस्तीफा देकर जनता के बीच जाना चाहिए और नए राजनीतिक मंच से जनादेश प्राप्त करना चाहिए। दबाव और प्रलोभन की राजनीति -अभिषेक बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ सांसदों पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के जरिए दबाव बनाया गया, जबकि कुछ को राजनीतिक और आर्थिक प्रलोभन दिए गए। हालांकि, इन आरोपों के संबंध में स्वतंत्र पुष्टि सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि पार्टी के पास अपने दावों के समर्थन में सबूत हैं और उन्हें उचित मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। टीएमसी के भीतर जारी यह खींचतान पश्चिम बंगाल की राजनीति में नए समीकरणों को जन्म दे रही है। अब सबकी निगाहें लोकसभा अध्यक्ष के फैसले और संभावित कानूनी प्रक्रिया पर टिकी हैं, जो यह तय करेगी कि बागी सांसदों की सदस्यता पर आगे क्या कार्रवाई होती है।

## 10 घंटे चला ऑपरेशन, महिला के पेट में था 14.5 किलोग्राम का ट्यूमर; डॉक्टरों ने निकालकर बचाई जान

नई दिल्ली 20 जून (संजय बसंल) नर्सिंग अधिकारी दिल्ली निवासी 55 वर्षीय महिला के पेट में था 14.5 किलोग्राम वजनी फुटबाल से भी बड़ा दुर्लभ कैंसरग्रस्त ट्यूमर, फोर्टिस एस्कार्ट्स के चिकित्सकों ने सफल ऑपरेशन से निकालकर न सिर्फ उसकी जान बचाई बल्कि ट्यूमर की चपेट में आए अन्य अंगों को भी बचाया। करीब 10 घंटे चले ऑपरेशन के बाद महिला स्वस्थ है और बिना किसी दिक्कत-परेशानी के अपना काम कर रही है। अस्पताल का दावा है कि यह भारत में अब तक कैंसरग्रस्त निकाले गए एब्डामिनल ट्यूमर से एक है। फोर्टिस एस्कार्ट्स ओखला में बुधवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में अस्पताल के सर्जिकल आंकोलाजी विभाग के निदेशक एवं प्रमुख डॉ. अर्चित पंडित ने बताया कि ट्यूमर का आकार एक बड़े फुटबाल से भी अधिक था और उसने पेट के भीतर कई महत्वपूर्ण अंगों को अपनी चपेट में ले लिया था।

# एमसीडी का बड़ा फैसला- 41 सफाई कर्मचारी हुए पक्के 5750 कर्मियों की सूची जारी

नई दिल्ली 20 जून (निस) हर्ष मल्होत्रा ने घोषणा की कि दिल्ली नगर निगम अगले एक साल के भीतर चरणबद्ध तरीके से करीब 9345 कर्मचारियों को नियमित करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। इससे कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा भी मिलेगी। दिल्ली नगर निगम ने सफाई कर्मचारियों को नौकरी की सुरक्षा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में आयोजित एक समारोह में 41 सफाई कर्मचारियों को स्थायी नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इसके साथ ही 5,750 दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची भी जारी की गई, जिन्हें भविष्य में नियमित किए जाने की प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान 109 दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को करुणामूलक आधार पर नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए। केंद्रीय राज्य मंत्री एवं बीजेपी दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने महापौर प्रवेश वाही की मौजूदगी में 41 सफाई कर्मचारियों को स्थायी नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी अपने कठिन परिश्रम और समर्पण से दिल्लीवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराते हैं, इसलिए उनके हितों की रक्षा करना निगम की प्राथमिकता है। समारोह के दौरान 5750 दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची जारी की गई। माना जा रहा है कि यह कदम हजारों कर्मचारियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया को गति देगा और उन्हें भविष्य में स्थायी नौकरी का लाभ मिल सकेगा। हर्ष मल्होत्रा ने घोषणा की कि दिल्ली नगर निगम अगले एक साल के भीतर चरणबद्ध तरीके से करीब 9345 कर्मचारियों को नियमित करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। उन्होंने कहा कि निगम का प्रयास है कि कोई भी कर्मचारी लंबे समय तक अस्थायी स्थिति में न रहे। कार्यक्रम में 109 दिवंगत सफाई कर्मचारियों के आश्रितों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। केंद्रीय राज्यमंत्री मल्होत्रा ने बताया कि अप्रैल 2025 से अब तक 791 आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया जा चुका है।

# दिल्ली का पारा पहुंच सकता है 42 डिग्री, बारिश और तेज हवाओं का पूर्वानुमान

नई दिल्ली 20 जून (निस) दिल्ली-एनसीआर को गर्मी से राहत मिलते नहीं दिखाई दे रही। बीते दो-तीन दिनों में राजधानी के कई इलाकों में पारा 40 का आंकड़ा पार कर गया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) का अनुमान है कि दिल्ली-एनसीआर में बारिश और आंधी-तूफान की गतिविधि से थोड़ा आराम लोगों को मिल सकता है। हालांकि, बढ़ता तापमान लोगों को घर से निकलना मुश्किल कर रहा है। आईएमडी के अनुसार, गुरुवार (18 जून) को दिल्ली में अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान 27.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शहर के बेस स्टेशन सफदरजंग में अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि रिज में 40.3 डिग्री सेल्सियस और आयानगर में 40.0 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछले 24 घंटों के दौरान दिल्ली के अधिकतर हिस्सों में अधिकतम तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी देखने को मिली, लेकिन न्यूनतम तापमान में 4-5 डिग्री सेल्सियस वृद्धी दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान दिल्ली में न्यूनतम तापमान 26-28 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 39-40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। इस दौरान पश्चिमी हवाएं चलीं, जिनकी गति 10-15 किमी/घंटा रही। आईएमडी के अनुसार, शुक्रवार (19 जून) को शहर का अधिकतम तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26-28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। आईएमडी का अनुमान है कि आज आसमान में आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे। विभाग ने बहुत हल्की से हल्की बारिश, गरज-चमक के साथ बिजली कड़कने और आंधी-तूफान अनुमान लगाया है।

## दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी बच्चों की तस्करी करने वाले 12 गिरफ्तार

नई दिल्ली 20 जून (निस) दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने 12 अंतर्राज्यीय बाल तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस ने 5 मासूम बच्चों को तस्करों से छुड़ाया भी है। दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने एक अंतर-राज्यीय बाल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने पांच नवजात बच्चों को बचाया भी है। दिल्ली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपी नवजात शिशुओं और छोटे बच्चों की अलग-अलग राज्यों में तस्करी करने और अवैध खरीद-फरोख्त में शामिल एक गिरोह का हिस्सा हैं। जांचकर्ता इस गिरोह के अपराध करने के तरीके, इसके अंतर-राज्यीय संपर्कों और प्रत्येक आरोपी की भूमिका की गहन जांच कर रहे हैं। इस मामले से जुड़ी ज्यादा जानकारी देर शाम दिल्ली पुलिस मुख्यालय में आयोजित होने वाले एक संवाददाता सम्मेलन में साझा की जाएगी। इस घटना की जानकारी देते हुए पुलिस सूत्रों ने बताया कि बच्चों की तस्करी की आरोपी महिला एक नर्सिंग होम की मालकिन है और खुद को डॉक्टर भी बताती है। 12 तस्करों और 5 बच्चों की बरामदगी के बाद पुलिस अब नर्सिंग होम की मालकिन की क्वालिफिकेशन की जांच कर रही है। जांच कर्ताओं को शक है कि बच्चों की तस्करी करने वाला ये गैंग अलग-अलग राज्यों से नवजात बच्चों का लाता था और उनके बर्थ सर्टिफिकेट में हेरफेर कर इच्छुक माता-पिता को लाखों रुपए में बेच देता था।

अमृतपाल सिंह प्रिंटर, पब्लिशर व संपादक ने जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए आईजी प्रिंटर्स प्रा.लिमि., 104, डीएसआईडीसी, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-20 के मालिक/कीपर जगपाल सिंह से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा 24/34 तिलक नगर नई दिल्ली से प्रकाशित किया।

PRGI (RNI) Regd. No.57282/1994

